**MJC-5**

Date: 16/10/25

Topic— Political Sociology: Scope

→ बेन्डिक्स व लिपसेट ने राजनीतिक समाजशास्त्र के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों को रखा है→
(i) समुदायों एवं राष्ट्रों में मतदान व्यवहार (ii) आर्थिक शक्तियों का केन्द्रीकरण तथा राजनीतिक निर्णयन कार्य (iii) राजनीतिक आन्दोलनों एवं हित समूहों की विचारधाराओं (iv) राजनीतिक दल, ऐच्छिक समुदाय, अल्पतंत्र की समस्याएँ तथा राजनीतिक व्यवहार के मनोवैज्ञानिक सह-संबंध तथा (v) सरकार एवं नौकरशाही की समस्याएँ।

→ एफपार — इनके अनुसार सभी सामाजिक व्यवस्थाओं में शक्ति एवं प्राधिकार के वितरण एवं प्रक्रियाओं के कारणों, प्रतिमानों एवं परिणामों का अध्ययन ही राजनीतिक समाजशास्त्र की विषय वस्तु है।

→ बविस्कर ने इसके अध्ययन क्षेत्र में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित करने की अनुशंसा की है :- (i) राजनीति तथा समाज: राजनीति में सामाजिक संस्थाओं (जाति, परिवार, धर्म) की भूमिका (ii) राजनीतिक समुदाय तथा राजनीतिक संरचनायें (पंचायत, राजनीतिक दल, हित समूह, विधान मंडल, नौकरशाही, अभिजन वर्ग, नेतृत्व आदि) (iii) राजनीतिक प्रक्रियाएँ (राजनीतिक समाजीकरण, राजनीतिक भर्ती, सहभागिता, राजनीतिक विकास, राजनीतिक परिवर्तन) तथा (iv) राजनीतिक इतिहास का समाजशास्त्रीय विश्लेषण।

PDF by
Dr. Nitish Varshan
Sociology